# राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
## उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : गृह विज्ञान
## पाठ 25: वस्त्र परिसज्जा
## कार्यपत्रक -25

1. एक डायर कपड़े को हल्के गुलाबी रंग में रंगना चाहता है। रंगाई से पहले कपड़े को क्या परिष्करण उपचार देना चाहिए?

2. बरसात में पहनने वाले कपड़ों के लिए उपयुक्त परिसज्जा का सुझाव दें। वह परिसज्जा कपड़े को क्या गुण प्रदान करेगी?

3. पार्चमेंटीकरण  से कपड़े में स्थायी कठोरता आ जाती है। क्या यह सही है या गलत? इसके बारे में बताएं।

4. आपकी बहन घर पर एक बांधनी का दुपट्टा बनाना चाहती है। उसे तकनीक का सुझाव दें जिसका उपयोग वह दुपट्टा बनाने में कर सकती है।

5. आपकी माँ अपने सूती साड़ी को चमकदार और कुरकुरा बनाना चाहती हैं। उसे एक उपयुक्त परिसज्जा और आवश्यक रसायनों का सुझाव दें।

6. क्या आपको लगता है कि गैर-मरसरीकृत कपास की तुलना में मरसरीकृत  कपास बेहतर है? अपने जवाब का औचित्य साबित करें।

7. यदि कपड़े के लेबल पर ' सेनफ़ोराईज़ड' पढ़ते है, तो इसका क्या मतलब है?

8. कौन सी  परिसज्जा आपको लगता है कि सिलवट न पड़ने वाली कपास पैंट के  कपड़े बनाने के लिए उपयुक्त होगी ?

9. आप खरीदते समय कपड़े की रंग स्थिरता की जांच कैसे करेंगे?

10. 'बाटिक एक प्रतिरोध रंगाई तकनीक है'। यदि आप इस कथन से सहमत हैं तो स्पष्ट करें।